प्रादेशिक समाचार

दिनांक–13.07.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक रांची स्थित झारखंड मंत्रालय में जारी है। बैठक में तकनीकी शिक्षण संस्थानों में नए कोर्सेज को बढ़ावा देना पर जोर दिया जा रहा है और विभागीय योजनाओं की प्रगति की जांच की जा रही है।मुख्यमंत्री के साथ विभाग के सचिव, मुख्य सचिव अविनाश कुमार और अन्य वरिष्ठ अधिकारी इस बैठक में हिस्सा ले रहे हैं।

******************

देश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नामांकन का एक नया रिकॉर्ड बना है, जो बढ़कर साढ़े चार करोड़ तक पहुंच गया है। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने ताज़ा ऑल इंडिया सर्वे ऑन हायर एजुकेशन रिपोर्ट के हवाले से बताया कि यह संख्या वर्ष 2014–15 की तुलना में साढ़े 31 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के साथ–साथ अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग और स्टेम विषयों में विद्यार्थियों का बढ़ता नामांकन समावेशी भारत का एक बड़ा संकेत है।

******************

रांची से सांसद और रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की अनुशंसा पर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से एक मरीज के इलाज के लिए तीन लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। यह राशि एयरपोर्ट रोड, हुंडरू निवासी दीपक कुमार साहू को गंभीर बीमारी के उपचार के लिए प्रदान की गई है। इस मानवीय सहायता के लिए श्री सेठ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए मरीज के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

******************

जामताड़ा में जिला विधिक सेवा प्राधिकार की पहल पर आज सदर अस्पताल में दिव्यांग जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेष रूप से दिव्यांग बच्चों की जांच कर उन्हें सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। सिविल सर्जन डॉ. शिव प्रसाद मिश्रा ने बताया कि स्वावलंबन पोर्टल पर पंजीकृत 60 से अधिक दिव्यांगों की जांच, कमिटी द्वारा की जा रही है, जिसके बाद प्रमाण पत्र डाक के माध्यम से सीधे उनके घर भेजे जाएंगे।

साउंड बाइट– सिविल सर्जन जामताड़ा –21 सेकेंड

इस पहल से जिले के दूर–दराज ग्रामीण क्षेत्रों से आए दर्जनों जरूरतमंद परिवारों को सीधे लाभ पहुंचा है।

******************

झारखंड कैडर के 2006 बैच के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी और वर्तमान जेल आईजी सुदर्शन मंडल की अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें रांची के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्हें हृदय संबंधी समस्या के बाद आईसीयू में रखा गया है, जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम उनके स्वास्थ्य की लगातार निगरानी कर रही है।

******************

पूर्वी सिंहभूम के आदिवासी बहुल डुमरिया प्रखंड के पहाड़ी गांव लाखाईडीह में पारंपरिक हर्बल चिकित्सा को वैज्ञानिक आधार देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल शुरू हुई है। आईआईटी मुंबई के पूर्व प्रोफेसर एवं वरिष्ठ चिकित्सा शोधकर्ता डॉ. देवतोष दत्ता ने गांव पहुंचकर स्थानीय आदिवासी औषधीय परंपराओं और जड़ी–बूटियों का अध्ययन किया। इस पहल का उद्देश्य पारंपरिक ज्ञान को वैज्ञानिक शोध से जोड़कर नई चिकित्सा संभावनाओं की तलाश करना है।

******************

देवघर एयरपोर्ट ने हवाई संचालन के सफल चार वर्ष पूरे कर लिए हैं। 12 जुलाई 2022 को शुरू हुई इस सेवा से अब तक 10 लाख 27 हजार से अधिक यात्री सफर कर चुके हैं। निदेशक जय बनर्जी के अनुसार, वर्तमान में दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु के लिए उड़ानें जारी हैं। आगामी अगस्त से गुवाहाटी के लिए भी नई सेवा शुरू होगी।

******************

भारत की जूनियर हैंडबॉल टीम चीन के चुझोउ में 15 से 26 जुलाई तक होने वाली 19वीं एशियाई पुरुष जूनियर हैंडबॉल चौंपियनशिप में भाग लेने के लिए जमशेदपुर से रवाना हो गई है। यह टीम चीन के लिए रवाना होने से पहले जमशेदपुर के जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित 10 दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुई थी। खेल पदाधिकारियों ने टीम के खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं।

खेल विशेषज्ञों को उम्मीद है कि टीम इस अंतरराष्ट्रीय मंच पर शानदार प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन करेगी।

******समाप्त************